भारत सरकार
**आयुष मंत्रालय**

सत्यमेव जयते

International Day of Yoga
21 June
Yoga for Harmony & Peace

संयोग



# संयोग

संयोग, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 के 10 प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने के अवसर पर एक विशेष प्रयास है, जिसका उद्देश्य साक्ष्य-आधारित योग प्रथाओं को समकालीन स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में अपनाने पर प्रकाश डालना है।

पिछले दशक में, आईडीवाई एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में विकसित हुआ है, जो विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के मध्य समग्र स्वास्थ्य, माइंडफुलनेस और सद्भावना को प्रोत्साहित करता है। दशक भर की इस लंबी यात्रा के उपलक्ष्य में, आईडीवाई 2025 में योग के आख्यान को बढ़ाने वाले दस मुख्य कार्यक्रम शामिल होंगे, जिसमें प्रत्येक का लक्ष्य समाज के विशिष्ट वर्गों तक पहुंच स्थापित करना है।

उनमें से एक है 'संयोग', जिसमें पारंपरिक चिकित्सा के साथ-साथ आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा और सोवा रिग्पा जैसी प्रणालियों में, योग को अपनाने के बारे में चर्चा और अनुभव-साझाकरण जैसे सत्र शामिल है।

संयोग के एक भाग के रूप में, योग और अन्य समकालीन चिकित्सा प्रणालियों के बीच अंतर-विषयी सहयोग के लिए पहचाने गए भागीदारों के समर्थन से एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संयोग के प्रमुख परिणामों में से एक कार्यक्रम से प्राप्त आवश्यक गतिविधियों का एक संग्रह तैयार करना होगा, जिसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों में संरचित समावेशन के लिए विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा योगदान दिया जाएगा। सफलता की कहानियों और सर्वोत्तम अभ्यासों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर साझा किया जाएगा।

### मुख्य संयोग कार्यक्रम - संक्षिप्त विवरण:

नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की परिकल्पना एक विश्वसनीय मंच के रूप में की गई है, जो समकालीन स्वास्थ्य सेवा ढांचे में योग के प्रभावशाली उपयोग को प्रस्तुत करता है। यह समकालीन स्वास्थ्य सेवा ढांचे में योग को अधिक सुलभ और प्रभावशाली बनाने में मदद करेगा।

इस आयोजन में निम्नलिखित गतिविधियां शामिल होने की उम्मीद है:

- पारंपरिक चिकित्सा के प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा "आधुनिक चिकित्सा एवं योग: एक सहक्रियात्मक दृष्टिकोण" पर मुख्य वक्तव्य
- आधुनिक चिकित्सा में योग को शामिल करने के सर्वोत्तम तरीकों पर विशेषज्ञों द्वारा पैनल चर्चा या ज्ञान साझाकरण सत्र।
- मीडिया कवरेज और गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता से संयोग पहल की पहुंच और महत्व में वृद्धि होगी।



संयोग

### अनुषंगी आयोजन –संक्षिप्त विवरण:

यह कार्यक्रम मुख्य कार्यक्रम के लिए ऊपर बताए गए ढांचे के अनुरूप होंगे, हालांकि इनका पैमाना छोटा हो सकता है। इनमें से कुछ कार्यक्रम आयुष स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में योग को अपनाने को प्रदर्शित करने के लिए समर्पित होंगे।

## अस्पतालों और अनुसंधान निकायों सहित स्वास्थ्य सेवा संस्थानों से आयोजक बनने का आह्वान- संयोग

देश भर के अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों के उपचार में, योग का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। यदि आप एक ऐसी संस्था हैं जो साक्ष्य-आधारित योग प्रथाओं का समकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में अंतरण करने का समर्थन करती है, तो हम आपको संयोग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस तरह, आप सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रवर्तक के रूप में, योग को अपनी पूरी क्षमता को प्रदर्शित करने में योगदान दे सकते हैं। इस अवसर के बारे में अधिक जानने के लिए आप idy.coordination@gov.in पर संपर्क कर सकते हैं।

Design: Kamleshwar Singh

**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**

